विचारार्थ विषय

परामर्शदाता - जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) / **{एक पद}**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यार्थियों से से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- जननी सुरक्षा योजना के संबंध में राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं का विश्लेषण।
- जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत वार्षिक भौतिकीय और वित्तीय आउटपुट का अनुमान लगा कर एक तर्कसंगत योजना तैयार करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना।
- राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम कार्यान्वयन के सिंहावलोकन के लिए राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों में समय-समय पर फील्ड दौरे करना। राज्य, जिला और ग्राम {उप-केंद्र} स्तर पर जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सभी रिकॉर्ड और रिपोर्टों की समीक्षा करना तथा कवरेज, गुणवत्ता की परिचर्या और निधि संवितरण की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए सेवा प्रदायकों और जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के साथ वार्ता करना।
- कार्यान्वयन में सुधारों की सूचना देने हेतु फील्ड समीक्षा दौरों के विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना।
- जननी सुरक्षा योजना के तिमाही डाटा को राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों से मिलाकर भौतिकीय और वित्तीय प्रगति की मॉनिटरिंग करना तथा संकलन/ विश्लेषण करना ताकि कार्यक्रम कार्य योजना में नियोजित सम्मत माइलस्टोन के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की जा सके।
- राज्य और जिलों में उत्तम परिपाटियों तथा नवीनतम उपायों की पहचान करना तथा नवीनतम पोर्टल पर अपलोड करने तथा दस्तावेज बनाने में राज्यों की सहायता करना।
- यह सुनिश्चित करना कि राज्य और संघ राज्यक्षेत्र जननी सुरक्षा योजना को कार्यान्वित करते समय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानकों का अनुपालन करें।
- मौजूदा साहित्य, विभिन्न सर्वेक्षण रिपोर्ट की समीक्षा करना तथा मौजूदा रुझान तथा प्रगति का मूल्यांकन करना।
- जननी सुरक्षा योजना के दिशा निर्देशों की समीक्षा करना/ सुझाव देना/ उन्नयन करना।

- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों को पूरा करना।
- उपर्युक्त सभी कार्यों को समय बद्ध तरीके से निष्पादित करना।

पात्रता:

- किसी प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त स्थान से सामाजिक कार्य/ स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि।
- न्यूनतम 4-6 वर्ष का अनुभव जिसमें से 3 वर्ष का अनुभव राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय सरकार के आरसीएच कार्यक्रम में हो। जन स्वास्थ्य प्रणाली, और संगत सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों की जानकारी होना एक अतिरिक्त लाभ माना जाएगा। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

- राष्ट्रीय स्तर पर जननी सुरक्षा योजना में कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है।
- जन स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य भागीदारों का पूर्ण ज्ञान होना तथा सरकार की संबंधी नीतियों/ कार्य नीतियों विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी की जानकारी होना अनिवार्य है।
- कंप्यूटर में प्रवीणता तथा संबद्ध डेटा और कागजात खोजने के लिए वेब सर्फिंग एवं आम रूप से प्रयुक्त होने वाले पैकेज जैसे एमएस ऑफिस, एक्सेल, पावर पॉइंट का उच्च ज्ञान होना।
- उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक दक्षता तथा अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं। अंग्रेजी बोलने और लिखने में दक्षता प्राप्त होना। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान होना भी वांछनीय है।
- बहु-विषयक समूह परिवेश में कार्य करने की प्रतिरूपी क्षमता।
- पूरे देश में जेएसवाई के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए फील्ड स्तरीय सेवा प्रदायकों का मार्ग दर्शन करने तथा कार्यान्वयन की मॉनिटरिंग करने के लिए अत्यधिक यात्रा करना पूर्वापेक्षा है।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में तब छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता लेख प्रकाशित किया गया हो अथवा जब विशिष्ट प्रासंगिकता के काम करने का अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,30,000/-रु. के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **consultant.jsy@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।

***